# डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2022

## प्रिलिम्स के लिये:

डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2022, भारत की रैंक।

## मेन्स के लिये:

लोकतंत्र के समक्ष मौजूद खतरे, लोकतंत्र रिपोर्ट 2022 संबंधी मुख्य बिंदु।

### चर्चा में क्यों?

स्वीडन के गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय में 'वी-डेम संस्थान' की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में विश्व स्तर पर एक औसत नागरिक के पास मौजूद लोकतंत्र का स्तर वर्ष 1989 के स्तर से नीचे चला गया है और साथ ही शीत युद्ध के बाद की अवधि के दौरान प्राप्त लोकतांत्रिक लाभ तेज़ी से घट रहे हैं।

- रिपोर्ट का शीर्षक है 'लोकतंत्र रिपोर्ट 2022: निरंकुशता की बदलती प्रकृति'
- 'वैरायटी ऑफ डेमोक्रेसी' (वी-डेम) वर्ष 1789 से वर्ष 2021 तक 202 देशों के लिये 30 मिलियन से अधिक डेटा बिंदुओं के साथ लोकतंत्र पर सबसे बड़ा वैश्विक डेटासेट तैयार करती है।
- इससे पहले 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस' (इंटरनेशनल-आईडीईए) द्वारा 'ग्लोबल स्टेट ऑफ डेमोक्रेसी रिपोर्ट, 2021' जारी की गई थी।

### लोकतंत्र की स्थिति का आकलन करने हेतु किन मापदंडों का उपयोग किया गया था?

- यह रिपोर्ट 'लिबरल डेमोक्रेटिक इंडेक्स' (LDI) में विभिन्न देशों के स्कोर के आधार पर उन्हें चार प्रकारों में वर्गीकृत करती है:
  - उदार लोकतंत्र, चुनावी लोकतंत्र, चुनावी निरंकुशता और बंद निरंकुशता।
- LDI लिबरल कंपोनेंट इंडेक्स (LCI) और इलेक्टोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (EDI) बनाने वाले 71 संकेतकों के आधार पर लोकतंत्र के उदार (व्यक्तिगत एवं अल्पसंख्यक अधिकार) व चुनावी पहलुओं (स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव) दोनों को रिकॉर्ड करता है।
  - LCI व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा और कार्यपालिका पर विधायी बाधाओं जैसे पहलुओं को मापता है, जबकि EDI ऐसे संकेतकों पर विचार करता है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संघ की स्वतंत्रता जैसे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देते हैं।
  - इसके अलावा LDI एक समतावादी घटक सूचकांक (विभिन्न सामाजिक समूह किस हद तक समान हैं), सहभागी घटक सूचकांक (नागरिक समूहों, नागरिक समाज संगठनों का स्वास्थ्य) और विचारोत्तेजक घटक सूचकांक (क्या राजनीतिक निर्णय सार्वजनिक तर्क के माध्यम से लिये जाते हैं) का भी उपयोग करता है।

### रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष:

- **शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता:**
  - **स्वीडन,** उदार लोकतंत्र सूचकांक (LDI) में शीर्ष पर है, इसके अलावा अन्य स्कैंडिनेवियाई देश जैसे **डेनमार्क, नॉर्वे, कोस्टा रिका तथा न्यूज़ीलैंड** इस सूचकांक में शीर्ष पाँच में शामिल हैं।
- **भारत का प्रदर्शन:**
  - भारत **बहुलता-विरोधी राजनीतिक दल की व्यापक वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा** है जिसने निरंकुश शासन को आगे बढ़ाया है।
  - **LDI में भारत 93वें स्थान पर** था, और इसे **"निचले 50%" देशों में शामिल** किया गया है।
  - **इलेक्टोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स में इसका प्रदर्शन और अधिक खराब हुआ है तथा यह 100वें स्थान पर** पहुँच गया है, इसके अलावा **डेलिबरेटिव कंपोनेंट इंडेक्स में यह 102वें स्थान पर** है।

- दक्षिण एशिया के देशों की बात करें तो LDI में भारत का स्थान **श्रीलंका (88), नेपाल (71) और भूटान (65) से नीचे तथा पाकिस्तान (117) से ऊपर** है।

- **निरंकुशता का प्रसार:**
  - निरंकुशता का तेज़ी से प्रसार हो रहा है तथा 33 देशों में निरंकुशता की स्थिति दर्ज की गई है।
  - प्रतिवर्ष औसतन 1.2 तख्तापलट के मुकाबले वर्ष 2021 में रिकॉर्ड 6 तख्तापलट की घटनाएँ देखी गई थीं जिसके परिणामस्वरूप 4 नए देश **चाड, गिनी, माली और म्याँमार में** निरंकुश शासन स्थापित है।
  - जबकि वर्ष 2012 में उदार लोकतंत्रों की संख्या 42 थी जो 25 वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर सिमट गई है, जिसमें केवल 34 देश और विश्व की 13% आबादी उदार लोकतंत्रों में रहती है।
  - बंद निरंकुश राज्यशासन या तानाशाही वर्ष 2020 और 2021 के बीच 25 से बढ़कर 30 हो गई है।
- **चुनावी निरंकुश शासन:**
  - आज **दुनिया में 89 लोकतंत्र और 90 निरंकुश शासन** हैं, चुनावी निरंकुशता शासन का सबसे आम प्रकार है, जिसमें 60 देशों और विश्व की 44% आबादी या 3.4 बिलियन लोग शामिल हैं।
  - **चुनावी लोकतंत्र दूसरा सबसे आम शासन** है, जो 55 देशों तथा **विश्व की 16% आबादी के लिये** ज़िम्मेदार है।

## विगत वर्षों के प्रश्न

**निम्नलिखित में से कौन-सा कारक किसी उदार लोकतंत्र में स्वतंत्रता की सर्वोत्तम सुरक्षा को नियत करता है?**

(a) एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका
(b) शक्तियों का केंद्रीकरण
(c) निर्वाचित सरकार
(d) शक्तियों का पृथक्करण

**उत्तर:d**

## निरंकुशता के बदलते स्वरूप संबंधी रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु

- **निरंकुशता के सबसे बड़े चालक:**
  - निरंकुशता के सबसे बड़े चालकों में से एक **"विषाक्त ध्रुवीकरण (Toxic Polarization)"** है।
    - **ध्रुवीकरण** को एक ऐसी घटना के रूप में परिभाषित किया गया है जो लोकतंत्र के विचारशील घटक के प्रतिवाद और संबद्ध पहलुओं के सम्मान को नष्ट कर देती है।
    - वर्ष 2011 में बढ़ते ध्रुवीकरण परिदृश्य वाले 5 देशों के विपरीत 40 देशों में यह एक प्रमुख प्रवृत्ति है।
    - **ध्रुवीकरण का गंभीर स्तर** बहुलवाद **विरोधी नेताओं की चुनावी जीत और उनके निरंकुश एजेंडा के सशक्तीकरण** में योगदान प्रदान करता है।
    - यह देखते हुए कि **"ध्रुवीकरण और निरंकुशता पारस्परिक रूप से मज़बूत हैं"**, रिपोर्ट में कहा गया है कि **"समाज के ध्रुवीकरण के उपाय, राजनीतिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक दलों द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग व्यवस्थित रूप से चरम स्तर तक एक साथ बढ़ते हैं।"**
- **ध्रुवीकरण में वृद्धि हेतु प्रयुक्त उपकरण:**
  - **"गलत सूचना"** को ध्रुवीकरण में वृद्धि करने तथा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय विचारों को आकार देने के लिये निरंकुश सरकारों द्वारा तैनात एक प्रमुख उपकरण के रूप में पहचाना गया है।
  - **नागरिक समाज पर नियंत्रण और मीडिया की सेंसरशिप** निरंकुश शासन को बढ़ावा देने वाले साधनों में शामिल थे।
    - जहाँ वर्ष 2021 के दौरान 35 देशों में **अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में गिरावट** तथा केवल 10 देशों में सुधार देखा गया है, वहीं पिछले 10 वर्षों में 44 देशों में **नागरिक समाज संगठनों (Civil Society Organisations-CSOs)** पर नियंत्रण की स्थिति बहुत ही खराब हो गई है जिसके चलते "इसे निरंकुशता से प्रभावित संकेतकों के शीर्ष पर रखा गया। "
    - इसके अलावा 37 देशों में **CSO के अस्तित्व पर प्रत्यक्ष सरकारी नियंत्रण एक सत्तावादी दिशा में आगे बढ़ा है जो "विश्व भर में** नागरिक समाज के कमज़ोर पड़ने का दूरगामी प्रमाण" है।
    - 25 देशों में **चुनावी प्रबंधन निकाय (EMB) को प्राप्त निर्णायक स्वायत्तता का ह्रास** हुआ है।

| तुलनात्मक तत्त्व | लोकतंत्र (डेमोक्रेसी) | एकतंत्र/निरंकुश शासन (ऑटोक्रेसी) |
|---|---|---|
| प्रयुक्त पदों का अर्थ | डेमोक्रेसी (Democracy) शब्द ग्रीक भाषा का शब्द है जहाँ Demos का अर्थ है “People” यानी जनता और Kratas का अर्थ | ऑटोक्रेसी (Autocracy) शब्द भी ग्रीक भाषा का शब्द है जहाँ Auto का अर्थ है “Self” यानी स्व या स्वयं और Kratas का अर्थ है “Power” यानी शक्ति या “Authority” या अधिकार। |

| | | |
|---|---|---|
| | है “Power” यानी शक्ति या “Authority” यानी अधिकार। | |
| शासन/सरकार | सरकार को प्राप्त अधिकार और शक्तियाँ जनता द्वारा प्रदत्त हैं। | सभी शक्तियाँ और अधिकार समूह के एक ही व्यक्ति में निहित होती हैं जिसमें लोगों की भागीदारी और यहाँ तक कि कभी-कभी सहमति भी नहीं होती। |
| स्वतंत्रताएँ एवं अधिकार | देश के संविधान में निहित और विधि द्वारा निर्मित। | सत्ताधारी समूह या व्यक्ति द्वारा निर्धारित विरोधियों को दबाने के लिये प्रायः गंभीर रूप से प्रतिबंधात्मक। काफी हद तक धर्म, लिंग और सामाजिक स्थिति पर आधारित। किताबें, पत्रिकाएँ सरकार द्वारा नियंत्रित, इकट्ठा करने आदि के लिये अपने दृष्टिकोण को व्यक्त करने की क्षमता सीमित। एकत्रित होने, किसी व्यक्ति के दृष्टिकोण को व्यक्त करने की क्षमता सीमित। |

## विगत वर्षों के प्रश्न

**लोकतंत्र का श्रेष्ठ गुण इस तथ्य में निहित है कि इसे गतिविधि के रूप में देखा जाता है। (2017)**

(a) सामान्य पुरुषों और महिलाओं की बुद्धि एवं चरित्र।
(b) कार्यकारी नेतृत्व को मज़बूत करने के तरीके।
(c) गतिशीलता और दृष्टि के साथ एक श्रेष्ठ व्यक्ति।
(d) समर्पित पार्टी कार्यकर्त्ताओं का एक समूह।

**उत्तर:a**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/democracy-report-2022